कोको गॉफ को हराकर रिबाकिना कनाडा ओपन के फाइनल में

एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी, 5-7, 6-2, 6-2 से दर्ज की जीत

टोरंटो, 13 अगस्त कजाकिस्तान की दो बार की प्रमुख टूर्नामेंट चैंपियन एलिना रिबाकिना ने शानदार वापसी करते हुए अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ को हराकर पहली बार कनाडा ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया। बुधवार को खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त रिबाकिना ने पहला सेट गंवाने के बाद अपने खेल का स्तर ऊंचा किया और गॉफ को 5-7, 6-2, 6-2 से शिकस्त दी।

दूसरे सेट में रिबाकिना ने अपनी सर्विस और ग्राउंडस्ट्रोक पर बेहतर नियंत्रण हासिल किया। उन्होंने 3-2 के स्कोर पर गॉफ की सर्विस तोड़ी और इसके बाद एक और ब्रेक पॉइंट का फायदा उठाते हुए सेट 6-2 से अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ मुकाबला निर्णायक तीसरे सेट में पहुंच गया। तीसरे सेट में रिबाकिना ने शुरुआत से ही गॉफ पर दबाव बनाए रखा। लगातार लंबे रैलियों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए उन्होंने अमेरिकी खिलाड़ी की सर्विस दो बार तोड़ी।

अब गुरुवार को होने वाले फाइनल में उनका सामना छह बार की प्रमुख टूर्नामेंट विजेता इगा स्वियातेक से होगा। रिबाकिना के लिए यह मुकाबला शुरुआत में आसान नहीं रहा। टोक्यो ओलंपिक 2020 की चैंपियन बेलिंडा बेन्सिक के चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से हटने के बाद गॉफ को वॉकओवर मिला था और वह सेमीफाइनल में पहुंची थीं। वहीं रिबाकिना को फाइनल में जगह बनाने के लिए गॉफ की चुनौती से पार पाना था। डब्ल्यूटीए 1000 हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट के इस मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों के बीच शुरुआत से ही कड़ा संघर्ष देखने को मिला। रात की रोशनी में खेले गए पहले सेट में गॉफ ने दबाव के बीच शानदार धैर्य दिखाया। उन्होंने रिबाकिना के तीन ब्रेक पॉइंट बचाए और सेट के निर्णायक चरण में अपनी प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़कर 7-5 से पहला सेट अपने नाम कर लिया। पहला सेट जीतने के बाद गॉफ के पास मैच को सीधे अपने पक्ष में खत्म करने का मौका था, लेकिन रिबाकिना ने दूसरे सेट में पूरी तरह से वापसी की।

लॉजेन डायमंड लीग में अरशद नदीम नहीं लेंगे हिस्सा

इस्लामाबाद, 13 अगस्त मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम 21 अगस्त को होने वाली लुसाने डायमंड लीग 2026 में हिस्सा नहीं लेंगे। वह एशियाई खेलो की तैयारी के लिए दक्षिण अफ्रीका में दो सप्ताह प्रशिक्षण लेंगे।

एशियाई खेलों की तैयारी के लिए दक्षिण अफ्रीका में लेंगे प्रशिक्षण

पाकिस्तान के इस जैवलिन थ्रोअर का नाम शुरू में लुसाने मीट की प्रवेश सूची में शामिल था, जिसमें दो बार के ओलंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा और पूर्व वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स भी थे। लेकिन 2026 एथलेटिक्स सीजन की मुश्किल शुरुआत के बाद उन्होंने इससे हटने का फैसला किया। 29 साल के अरशद इस साल अभी तक 80 मीटर का मार्क पार नहीं कर पाए हैं। उन्होंने साल की शुरुआत जून में स्पिट्ज़ेन लीचथलेटिक ल्यूसर्न में नौवें स्थान के साथ की थी, जहाँ उनका बेस्ट थ्रो 78.47 मीटर था। कॉमनवेल्थ गेम्स में भी उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा; वे फ़ाइनल के तीन राउंड के लिए क्वालिफ़ाई नहीं कर पाए और 77.41 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ नौवें स्थान पर रहे। अरशद नदीम के लंबे समय से कोच रहे सलमान बट ने कहा कि पाकिस्तानी जैवलिन थ्रोअर ने एशियाई खेल 2026 की तैयारी के लिए कॉम्पिटिशन के बजाय प्रशिक्षण को प्राथमिकता देने का फ़ैसला किया है।

एक नजर में

नीदरलैंड्स ने जावी हर्नांडेज को बनाया राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का कोच

एम्स्टर्डम, 13 अगस्त निराशाजनक फीफा विश्व कप के बाद रोनाल्ड कोमैन के इस्तीफे के बाद नीदरलैंड्स ने बार्सिलोना के महान खिलाड़ी जावी हर्नांडेज को राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का नया कोच नियुक्त किया है । 46 वर्षीय ज़ावी, 2024 में बार्सिलोना के कोच पद से बर्खास्त किए जाने के बाद दो साल के ब्रेक के बाद प्रबंधन में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने नीदरलैंड्स के साथ चार साल का अनुबंध किया है और वे 2028 में होने वाली यूरोपीय चैंपियनशिप और 2030 में होने वाले विश्व कप के दौरान टीम की देखरेख करेंगे। अपनी नियुक्ति पर जावी ने कहा, ' डच राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच बनना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। बार्सिलोना की अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले और जोहान क्रूफ़ और रिनस मिशेल्स जैसे दिग्गजों से प्रभावित होने के कारण, मैं डच फुटबॉल से एक विशेष जुड़ाव महसूस करता हूं। आप कह सकते हैं कि मैं आंशिक रूप से डच फुटबॉल का बेटा हूं। अन्य महान कोचों, विशेष रूप से लुई वैन गाल, जिनके तहत मैंने बार्सिलोना में अपना पदार्पण किया, और फ्रैंक रिजकार्ड ने भी मुझे एक खिलाड़ी और कोच के रूप में आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।'

प्रग्नानंदा सिंकफील्ड कप में हारे

सेंट लुईस (अमेरिका), 13 अगस्त. काले मोहरों से खेल रहे भारतीय ग्रैंड मास्टर आर प्रग्नानंधा सिंकफील्ड कप 2026 में विन्सेंट कीमर के खिलाफ अपना तीसरा राउंड का मैच हार गए। वहीं केर्न्स कप में दिव्या देशमुख ने जीत दर्ज की। आज यहां तीन राउंड के बाद वेस्ली सो एकमात्र अग्रणी खिलाड़ी हैं, फैबियानो कारुआना पर उनकी नवीनतम जीत ने उन्हें 2 .5 अंक दिला दिए हैं। इस बीच, केर्न्स कप में, दिव्या देशमुख ने एलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक के खिलाफ जीत के बाद तीसरा स्थान हासिल कर लिया। कोनेरू हम्पी ने कैरिसा यिप के खिलाफ ड्रॉ खेला, जबकि आर वैशाली ने भी स्टावरौला त्सोलाकिदू के खिलाफ ड्रॉ खेलकर अंक साझा किए.

मेसी की टीम लीगा कप से हुई बाहर

मियामी, 13 अगस्त स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी की वापसी के बावजूद इंटर मियामी सीएफ को क्लब लियोन से 3-2 से हार का सामना करना पड़ा और वह लीग कप से बाहर हो गई। बुधवार को खेले गये इस मुकाबले में हाफ टाइम तक मियामी 1-0 से आगे थी, ब्रेक के बाद मेसी को मैदान में उतारा गया और उन्होंने डैनियल पिंटर की जगह ली , जिन्होंने घरेलू टीम का पहला गोल किया था। क्लब लियोन, जिसने अब तक लीग कप के अपने तीनों मैच जीत लिए हैं, ने पहले हाफ के बाद जोरदार वापसी की। डैनियल आर्सिला ने 50वें मिनट में अपना पहला गोल दागा। यानिक ब्राइट ने मियामी को फिर से बढ़त दिलाई, लेकिन जुआन डोमिंगेज़ ने स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद आर्सिला ने अपना दूसरा गोल दागकर लियोन को जीत दिला दी।

गाले टेस्ट से पहले भारत-श्रीलंका का हिसाब बराबर

03 -3 सीरीज भारत और श्रीलंका ने जीतीं

ओवरऑल सीरीज में भारत ने 9 बार मारी बाजी

गाले, 13 अगस्त भारत और श्रीलंका के बीच टेस्ट क्रिकेट की प्रतिद्वंद्विता हमेशा से रोमांच और कड़े मुकाबले के लिए जानी जाती रही है। अब दोनों टीमें एक बार फिर टेस्ट क्रिकेट में आमने-सामने होने जा रही हैं। गाले में शुरू होने वाली आगामी टेस्ट सीरीज से पहले दोनों देशों के बीच श्रीलंकाई धरती पर सीरीज जीत का रिकॉर्ड बराबरी पर है।

भारत और श्रीलंका ने द्वीपीय देश में खेली गई आठ टेस्ट सीरीज में तीन-तीन बार जीत दर्ज की है, जबकि दो सीरीज ड्रॉ रही हैं। ऐसे में गाले में होने वाली भिड़ंत इस बराबरी को तोड़ने का मौका दोनों टीमों के पास लेकर आई है।श्रीलंका में भारत का टेस्ट रिकॉर्ड हालांकि पूरी तरह एकतरफा नहीं रहा है। आठ सीरीज में तीन जीत और तीन हार के साथ भारतीय टीम को तीनों प्रारूपों में अपनी मजबूत स्थिति के बावजूद श्रीलंकाई परिस्थितियों में लगातार चुनौती मिलती रही है।

दो सीरीज का परिणाम ड्रॉ रहा। यही वजह है कि गाले में होने वाली सीरीज को दोनों टीमों के लिए खास माना जा रहा है।अगर भारत और श्रीलंका के बीच अब तक खेली गई सभी बहु-टेस्ट सीरीज के रिकॉर्ड पर नजर डालें तो भारतीय टीम का पलड़ा काफी भारी दिखाई देता है। दोनों देशों के बीच कुल 15 टेस्ट सीरीज खेली गई हैं। इनमें भारत ने नौ सीरीज अपने नाम की हैं, जबकि श्रीलंका को तीन सीरीज में जीत मिली है। तीन सीरीज बराबरी पर समाप्त हुई हैं। यानी ओवरऑल रिकॉर्ड में भारत को स्पष्ट बढ़त हासिल है, लेकिन श्रीलंकाई जमीन पर कहानी बिल्कुल अलग है।भारतीय टीम के लिए यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अभियान के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है।

श्रीलंकाई टीम के लिए प्रतिष्ठा का सवाल

श्रीलंकाई टीम के लिए भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ घरेलू मैदान पर जीत हासिल करना प्रतिष्ठा का सवाल भी होगा। भारत और श्रीलंका की टेस्ट प्रतिद्वंद्विता में कई दिग्गज खिलाड़ियों ने अपनी छाप छोड़ी है। सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, कुमार संगकारा, महेला जयवर्धने और मुथैया मुरलीधरन जैसे महान खिलाड़ियों ने इस मुकाबले को ऐतिहासिक बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। गेंदबाजी में मुरलीधरन, अनिल कुंबले और रविचंद्रन अश्विन जैसे नाम इस प्रतिद्वंद्विता के आंकड़ों में लंबे समय तक याद किए जाएंगे।अब नई पीढ़ी के खिलाड़ियों के सामने इस इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने का मौका है। भारत जहां श्रीलंका की धरती पर सीरीज जीत का रिकॉर्ड अपने पक्ष में करने की कोशिश करेगा, वहीं मेजबान टीम भारत के ओवरऑल दबदबे को चुनौती देना चाहेगी।

सिंधु, शेट्टी, एन सेयोंग विश्व चैंपियनशिप में लेंगे हिस्सा

नयी दिल्ली 13 अगस्त भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, आयुष शेट्टी तथा अंतरराष्ट्रीय स्टार खिलाड़ी दक्षिण कोरिया की एन सेयोंग और चीन की लोह कीन यू बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनिशप के 30वें संस्करण में हिस्सा लेंगे। यह चैंपियनशिप 17से 23 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में खेली जायेगी।

भारत 2009 के बाद पहली बार वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है। इंदिरा गांधी एरिना में सात दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 64 पुरुष और 64 महिला खिलाड़ी, साथ ही तीन युगल कैटेगरी में 48 जोड़ियां टॉप सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट में पीवी सिंधु भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी।

महमूद ने झटके छह विकेट

टेस्ट मैच का पहला दिन रहा बंगलादेश के नाम

डार्विन (ऑस्ट्रेलिया) 13 अगस्त हसन महमूद (छह विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद मोमिनुल हक (नाबाद 35) और तंजिद हसन (नाबाद 32) की शानदार पारियों की बदौलत बंगलादेश ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के पहले दिन गुरुवार को स्टंप्स के समय एक विकेट पर 96 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को बंगलादेश के गेंदबाजों ने 53 ओवरों में 198 रन के स्कोर पर समेट दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश के लिए शादमान इस्लाम और तंजिद हसन की सलामी जोड़ी ने संभल कर खलते हुए पहले विकेट के लिए 36 रन जोड़े। नौवें ओवर में मिचेल स्टार्क ने शादमान इस्लाम (20) रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

यूपी टी20 लीग के चौथे सीजन का मंच तैयार

लखनऊ, 13 अगस्त उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठित यूपी टी20 लीग के चौथे सत्र का आगाज शुक्रवार से होने जा रहा है। इस बार टूर्नामेंट का आयोजन लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम और कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में किया जाएगा। लीग के मुकाबलों का सीधा प्रसारण 150 देशों में किया जाएगा, जबकि भारत में क्रिकेट प्रेमी इसे जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स-2 पर देख सकेंगे।

टूर्नामेंट के शुभारंभ से पूर्व आयोजित 'कैप्टन्स मीट' और प्रेस कॉन्फ्रेंस में लीग के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने कहा कि यूपी टी20 लीग अब प्रदेश के सबसे बड़े खेल आयोजनों में शामिल हो चुकी है

150 देशों में होगा सीधा प्रसारण

और इसका उद्देश्य प्रदेश की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इस बार लीग केवल क्रिकेट तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे 'क्रिकेट, कॉन्सर्ट, सेलिब्रेशन और फूड' की अवधारणा के साथ एक व्यापक खेल एवं मनोरंजन उत्सव का स्वरूप दिया गया है। उद्घाटन समारोह में प्रसिद्ध गायक शंकर महादेवन और पंजाबी गायिका जैस्मीन सैंडलस अपनी प्रस्तुतियां देंगी। इसके अलावा ड्रोन शो, लाइट शो और फूड कार्निवल भी आकर्षण का केंद्र होंगे। इस अवसर पर लखनऊ फाल्कन्स के कप्तान भुवनेश्वर कुमार, मेरठ मावेरिक्स के कप्तान रिंकू सिंह, कानपुर सुपरस्टार्स के कप्तान समीर रिज़वी, नोएडा किंग्स के कप्तान माधव कौशिक, गोरखपुर लायंस के कप्तान आर्यन जुयाल तथा काशी रुद्राक्ष के प्रतिनिधि भूपेंद्र यादव मौजूद रहे।

मीनाक्षी लेखी बनीं दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया की चेयरपर्सन

आगरा, 13 अगस्त. पूर्व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री, वरिष्ठ समाजसेविका एवं सुप्रीम कोर्ट की जानी-मानी अधिवक्ता मीनाक्षी लेखी ने भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम एवं भारतीय व्हीलचेयर क्रिकेट टीम का संचालन करने वाली संस्था दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया की चेयरपर्सन के रूप में नई जिम्मेदारी संभाली है। आगरा में आयोजित भव्य दिव्यांग क्रिकेट अवार्ड समारोह के दौरान मीनाक्षी लेखी को बोर्ड की चेयरपर्सन के रूप में जिम्मेदारी सौंपे जाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर श्रीमती लेखी ने उपस्थित दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं आयोजकों को संबोधित किया.

फुटबॉल टूर्नामेंट सुब्रतो कप का 65वां संस्करण 18 अगस्त से, नई दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में 24 सितंबर तक होंगे मुकाबले

युवा फुटबॉल प्रतिभाओं के बीच होगी टक्कर

107 टीमें तीन आयु वर्गों में करेंगी मुकाबला

15 सितंबर से होगा जूनियर बॉयज वर्ग का अंतिम चरण

नई दिल्ली, 13 अगस्त। देश के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय युवा फुटबॉल टूर्नामेंट सुब्रतो कप के 65वें संस्करण का आगाज 18 अगस्त से होने जा रहा है। इस बार टूर्नामेंट में देश-विदेश की कुल 107 टीमें तीन आयु वर्गों में खिताब के लिए मैदान में उतरेंगी।

नई दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में आयोजित होने वाला यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 24 सितंबर तक चलेगा। प्रतियोगिता में जूनियर गर्ल्स अंडर-17, सब-जूनियर बॉयज अंडर-15 और जूनियर बॉयज अंडर-17 वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे। युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देने वाले इस टूर्नामेंट को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।टूर्नामेंट के 65वें संस्करण की आधिकारिक घोषणा बुधवार को की गई। इस मौके पर एयर मार्शल एस. शिवकुमार, वीएसएम, एयर ऑफिसर-इन-चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन और सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसाइटी के उपाध्यक्ष, मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। मशहूर भारतीय फुटबॉलर आशालता देवी लोइतोंगबम ने भी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

प्रतियोगिता की शुरुआत 18 अगस्त को नई दिल्ली-एनसीआर में जूनियर गर्ल्स अंडर-17 वर्ग के मुकाबलों से होगी। इसके बाद 1 सितंबर से बेंगलुरु में सब-जूनियर बॉयज अंडर-15 वर्ग के मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का अंतिम चरण 15 सितंबर से नई दिल्ली-एनसीआर में जूनियर बॉयज अंडर-17 वर्ग के साथ शुरू होगा। इस तरह करीब पांच सप्ताह तक चलने वाली प्रतियोगिता में अलग-अलग आयु वर्गों के युवा फुटबॉलर अपनी टीमों को खिताब दिलाने के लिए जोर लगाएंगे।सुब्रतो कप को भारतीय फुटबॉल में युवा प्रतिभाओं को पहचान दिलाने वाले प्रमुख मंचों में गिना जाता है।

श्रीलंका ने महिला टी-20 एशिया कप के लिए अयोध्या को टीम में बुलाया

कोलंबो, 13 अगस्त. श्रीलंका ने राइट-आर्म तेज गेंदबाज मिताली अयोध्या को इस महीने के आखिर में दुबई में होने वाले महिला टी-20 एशिया कप के लिए टीम में वापस बुलाया गया है तथा लेग-स्पिन ऑलराउंडर डेवमी विहंगा को पहली बार टी-20 टीम में जगह मिली है। चयनकर्ताओं ने विहंगा और अयोध्या के अलावा सीमर चेतना विमुक्ति को भी टीम में वापस बुलाया है, जो पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे टीम का हिस्सा थीं। टीम से बाहर होने वालों में सीमर मल्की मदारा, सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर रश्मिका सेवंडी और लेफ्ट-आर्म स्पिनर निमाशा मीपेज शामिल हैं। टीम की कमान चामरी अटापट्टू संभालेंगी।

कार्यालय नगरपालिका परिषद्, वारासिवनी जिला-बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक/2301/लो.नि.वि./न.पा.प./2026 **निविदा आमंत्रण सूचना** वारासिवनी, दिनांक 07/08/2026

एतद् निम्नलिखित कार्य/सामग्री हेतु केंद्रीकृत प्रणाली में समस्त पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों एवं शासकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से जिनकी अपनी स्वयं की संबंधित फर्म हो या निर्माता हो अथवा जो केन्द्र सरकार अथवा म.प्र. सरकार का अद्यतन रूप से बिक्री कर एवं आय कर भुगतान करते हो, से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

निविदा विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र शुल्क EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	क्र.2026_UAD_ 528977_1 दिनांक : 13/08/2026	Supply of Desktop Computers, Laptop, LaserJet Printers and UPS as per Specifications.	समयावधि : 01 माह लागत : 9,50,000/-	नि.प्र. मूल्य : 2,000/- EMD : 99500	31/08/2026

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद् वारासिवनी